# राष्ट्रीय सेवा योजना

## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## धमतरी (छ.ग.)



मान्यवर,
श्री ______________________________

______________________________

बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 11.12.2023 से 17.12.2023 तक ग्राम -लिमतरा, जिला धमतरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में आप सादर आमंत्रित है।

## कार्यक्रम

**प्रथम दिवस — उद्घाटन समारोह — दोपहर 2 बजे**

मुख्य अतिथि – माननीय श्री कार्तिक राम साहू ( ग्रामीण अध्यक्ष लिमतरा )
अध्यक्षता – माननीय श्री घनश्याम साहू ( राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक )
विशिष्ट अतिथि – माननीय श्री परस राम साहू ( उपसरपंच ग्राम पंचायत लिमतरा )
माननीय श्री द्वारिका साहू ( ग्राम पटेल लिमतरा )
माननीय श्री कोमल राम साहू ( सभापति ग्राम पंचायत लिमतरा )
माननीय डॉ. भावेन्द्र अग्रवाल ( पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष )
माननीय श्री ओमप्रकाश साहू ( साहू समाज अध्यक्ष )
माननीय श्री आनंद चन्द्राकर ( वरिष्ठ नागरिक )
माननीय श्री चन्द्रहास साहू ( वरिष्ठ नागरिक )
माननीय श्री घनश्याम साहू ( वरिष्ठ नागरिक )

**बौद्धिक परिचर्चा — प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक**

द्वितीय दिवस : 12.12.2023, कृषि जागरूकता ( कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी )
तृतीय दिवस : 13.12.2023, अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन ( संवैधानिक मूल्य और युवा )
साइबर क्राईम जागरूकता सुश्री नेहा पवार ( उप पुलिस अधीक्षक )
चतुर्थ दिवस : 14.12.2023, यातायात जागरूकता
श्री नितिन शर्मा ( राष्ट्रीय सेवा योजना )
पंचम दिवस : 15.12.2023, कैरियर गाइडेंस
श्री तेजपाल ध्रुव ( उप जिलाधीश )
श्री सोमेन्द्र साहू ( बाल विकास परियोजना अधिकारी )

षष्टम दिवस : 16.12.2023
**सांस्कृतिक कार्यक्रम**
सायं 5 बजे से ....

**सप्तम दिवस : — समापन समारोह — सुबह 10 बजे**

मुख्य अतिथि – माननीया डॉ. श्रीदेवी चौबे ( प्र. प्राचार्य ), बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी
अध्यक्षता – माननीया श्रीमती फगेश्वरी रूपसेन साहू ( सरपंच ग्राम पंचायत लिमतरा )
विशिष्ट अतिथि – माननीया श्रीमती रोहिणी अग्रवाल ( पूर्व जनपद सदस्य )
माननीया श्रीमती इंद्राणी साहू ( पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत लिमतरा )
माननीया श्रीमती रेखा सेन ( भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत लिमतरा )
माननीया श्रीमती कांति साहू ( पंच ग्राम पंचायत लिमतरा )
माननीया श्रीमती उत्तरा सेन, पंच ग्राम पंचायत लिमतरा )
माननीया श्रीमती मीना साहू ( ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष )
माननीया श्रीमती भुनेश्वरी साहू ( महिला मानस मंडली अध्यक्ष )

## प्रेषक

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई**
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी ( छ.ग. )



भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय ( म.प्र.-छ.ग. ) भोपाल
राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
दिनांक - 11.12. 2023 से 17.12.2023 तक
ग्राम - लिमतरा, जिला - धमतरी ( छ.ग. )
नशा मुक्त समाज के लिये युवा
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी (छ.ग.)

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक एक एवम दो

# बी. सी. एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी

# सात दिवसीय विशेष शिविर

# दिनांक- 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2023 तक

# ग्राम लिमतरा वि. खं. एवं जिला धमतरी

## -:प्रतिवेदन:-

दिनांक – 11.12.2023

प्रथम दिवस

शिविर ध्वज फहरा कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया । इस सात दिवसीय विशेष शिविर के लिये लिमतरा ग्राम को पोषित गये रूप में चुना गया । उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री कार्तिक राम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, श्री घनश्याम साहू राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक तथा विशिष्ट अतिथि श्री परसराम साहू उपसरपंच सम्मिलित हुये। यह शिविर रा से यो कार्यक्रम अधिकारियों प्रो निरंजन कुमार एवं प्रो आकांक्षा मरकाम के निर्देशन में आरंभ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई, साज सज्जा एवं रात्रि भोजन की तैयारी प्रारंभ की गई। रात्रि भोजन के उपरांत शिविर को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु शिविर नायक, नायिका ,उपशिविर नायक,नायिका,मेस प्रभारी, क्रीडा प्रभारी,परियोजना प्रभारी,चिकित्सा प्रभारी,मीडिया प्रभारी,सांस्कृतिक प्रभारी एवं 7 दल तथा दल नायक का चयन कर बैच एवं डायरी सभी स्वयंसेवकों को प्रदान की गई। शिविर में बालक 37 बालिका 37 गैर 2 छात्र 2 छात्रा, कार्यक्रम अधिकार पुरुष 1 महिला 1 एक अतिरिक्त महिला शिक्षक उपस्थित रहे।


MODEL SCHOOL BUS NO.
GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Google




GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India


GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
Google




GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Google


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Google









नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 12 Dec 2023 - dmt4
epaper.navabharat.news

# रासेयो शिविर में दिया नशामुक्ति का संदेश

## लिमतरा में सात दिवसीय रासेयो शिविर का शुभारंभ



धमतरी। बाबु छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में इकाई क्रमांक एक एवं दो के स्वयंसेवकों द्वारा द्वारा ग्राम लिमतरा में इकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का मुख्य थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है जिसके अंतर्गत सभी स्वयंसेवक ग्राम लिमतरा में विशेष नशामुक्ति अभियान चलाएंगे। शिविर हेतु प्रातः 10 बजे डॉ हेमवती ठाकुर इतिहास विभागाध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को महाविद्यालय से रवाना किया गया। शिविर स्थल पहुंच कर स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम स्थल की सफाई की तथा उद्घाटन कार्यक्रम हेतु मंच का सजावट किया। सजावट हेतु स्वयंसेवकों ने आम की पत्तियों का उपयोग कर तोरण बनाया। साथ ही बस्तर आर्ट वाले पोस्टर लगाए गए। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे के करीब अतिथियों का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि कार्तिकराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष रहे। अध्यक्षता घनश्याम साहू राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में फगेश्वरी रूपसेन साहू सरपंच, परसराम साहू उपसरपंच, कोमल राम साहू सभापति, डा. भावेश अग्रवाल पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू अध्यक्ष साहू समाज अध्यक्ष, आनंद चंद्राकर, चंद्रहास साहू एवं घनश्याम साहू कन्हैयालाल, रामलखन साहू रहे। खोमेश्वरी द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रो निरंजन कुमार इकाई क्रमांक एक ने राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर की भूमिका एवं कार्यो का विवरण दिया। चन्द्रहास साहू ने एनएसएस शिविर लगाने पर धन्यवाद एवं ग्राम की जरूरतों से अवगत करवाया। डॉ. भावेन्द्र अग्रवाल ने नवनिर्माण हेतु प्रेरित किया। घनश्याम साहू ने स्वयंसेवक को शिविर में तत्परता, सहयोगात्मक भाव एवं अनुशासन का पालन करते हुये सप्त दिवसीय शिविर का लाभ लेने जागृत किया। फगेश्वरी रूपसेन साहू सरपंच ने शिविर में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्तिक राम साहू ने एनएसएस शिविर के अपने अनुभवों का साझा किया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में प्रो आकांक्षा मरकाम इकाई क्रमांक दो द्वारा सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का शिविर में सम्मिलित होने हेतु आभार व्यक्त किया। रात्रि में कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा शिविर नायक नायिका एवं शिविर के सफल संचालन हेतु स्वयंसेवकों का दल चयन करते हुये विशेष प्रभार दिया गया।

दैनिक भास्कर

धमतरी 12-12-2023

रासेयो शिविर • 7 दिवसीय विशेष शिविर लिमतरा में शुरू हुआ है, जो 17 तक चलेगी

# नशामुक्त समाज थीम पर हुआ कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज धमतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई भाग 1 व 2 का 7 दिवसीय विशेष शिविर लिमतरा में शुरू हुआ है, जो 17 दिसंबर तक चलेगी। शिविर का मुख्य थीम \'नशामुक्त समाज के लिए युवा' रखा गया है, जिसके तहत शिविर से 7 दिनों तक विविध गतिविधियां संचालित होंगी।

नशा मुक्ति अभियान के तहत रोजाना कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिसमें जन संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जागरूकता कार्यक्रम होंगे। शिविर के लिए सुबह 10 बजे पीजी कॉलेज से इतिहास विभाग की प्रमुख डॉ. हेमवती ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को लिमतरा के लिए रवाना किया।



धमतरी। शिविर के उद्घाटन समारोह में शामिल अतिथि और स्वयंसेवक।

सोमवार को दोपहर 2 बजे शिविर का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि कार्तिकराम साहू थे। अध्यक्षता राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक घनश्याम साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच फगेश्वरी रूपसेन साहू, उपसरपंच परसराम साहू, कोमलराम साहू, डॉ. भावेश अग्रवाल, ओमप्रकाश साहू, आनंद चंद्राकर, चंद्रहास साहू, घनश्याम साहू, कन्हैयालाल व रामलखन साहू थे। अतिथियों ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की पूजा कर शिविर का शुभारंभ किया। समारोह में कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर निरंजन कुमार ने एनएसएस विशेष शिविर की भूमिका व कार्यों का विवरण दिया। चंद्रहास साहू ने शिविर लगाने से गांव पर पड़ने वाले असर के बारे में विचार रखे। अन्य अतिथियों ने अपने विचार रखे। उद्घाटन के बाद स्वयंसेवकों के बीच खेलकूद हुई। रात्रि में कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा शिविर नायक-नायिका व शिविर के सफल संचालन के लिए स्वयंसेवकों का दल चयन कर विशेष प्रभार दिया गया।

हरिभूमि

रायपुर - धमतरी भूमि

12 Dec 2023

# स्वयंसेवकों में भरा जोश, देश के नवनिर्माण के लिए किया प्रेरित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार व आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा द्वारा ग्राम लिमतरा में इकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इस वर्ष शिविर का मुख्य थीम /"नशामुक्त समाज के लिए युवा/" रखा गया है जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक ग्राम लिमतरा में विशेष नशामुक्ति अभियान चलाएंगे। डॉ हेमवती ठाकुर इतिहास विभागाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को महाविद्यालय से रवाना किया। शिविर स्थल पहुंचकर स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम स्थल की सफाई की तथा उद्घाटन कार्यक्रम हेतु मंच की सजावट की। सजावट के लिए स्वयंसेवकों ने आम की पत्तियों का तोरण बनाया। बस्तर आर्ट वाले पोस्टर लगाए गए। अतिथियों ने मां सरस्वती, मां भारती व युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्तिक राम साहू ग्रामीण अध्यक्ष रहे। अध्यक्षता घनश्याम साहू राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती फगेश्वरी रूपसेन साहू सरपंच, परसराम साहू उपसरपंच, कोमल राम साहू सभापति, डा. भावेश अग्रवाल पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू अध्यक्ष साहू समाज अध्यक्ष, आनंद चंद्राकर, चंद्रहास साहू, घनश्याम साहू, कन्हैयालाल, रामलखन साहू थे। प्रो. निरंजन कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की भूमिका एवं कार्यों का विवरण दिया। चन्द्रहास साहू ने एनएसएस शिविर लगाने पर ग्राम की जरूरतों से अवगत करवाया। डॉ. भावेन्द्र अग्रवाल ने स्वयंसेवकों में जोश भरते हुए देश के नवनिर्माण के लिए प्रेरित किया। घनश्याम साहू ने स्वयंसेवक को शिविर में तत्परता, सहयोगात्मक भाव एवं अनुशासन का पालन करते हुये सप्त दिवसीय शिविर का लाभ लेने जागृत किया। श्रीमती फगेश्वरी सरपंच ने शिविर की गरिमा को बनाये रखते हुये ग्राम विकास की बात कही। कार्तिक राम साहू ने एनएसएस शिविर के अपने अनुभवों का साझा किया। प्रो. आकांक्षा मरकाम ने आभार प्रकट किया। शिविर के उद्घाटन के पश्चात स्वयंसेवकों ने देशी खेलकूद का आयोजन किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 15 Dec 2023 - 15dmt2
epaper.navabharat.news



# राष्ट्र निर्माण में छात्रों की अहंम भूमिका-घनश्याम



**धमतरी।** पीजी कॉलेज धमतरी की रासेयो इकाई द्वारा लिमतरा में आयोजित विशेष शिविर के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि कार्तिक राम साहू थे। अध्यक्षता घनशयाम सिंह साहू ने की। विशिष्ट अतिथि में संरपच फगेशवरी साहू, परसराम साहू, डां भावेनद्र अग्रवाल कोमल साहू, ओमप्रकाश, आंनद चंद्राकर, तथा घनशयाम साहू रहे। कार्यक्रम अधिकारी निरजंन ने रुपरेखा प्रस्तुत किया। संरपच फगेशवरी साहू ने सहयोग देने की बात कही तो भावेंद्र अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया। घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका को रेखांकित किया।

हरिभूमि

रायपुर - धमतरी भूमि

13 Dec 2023

# स्वयंसेवकों में भरा जोश, देश के नवनिर्माण के लिए किया प्रेरित

धमतरी। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार व आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा द्वारा ग्राम लिमतरा में इकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इस वर्ष शिविर का मुख्य थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक ग्राम लिमतरा में विशेष नशामुक्ति अभियान चलाएंगे। डॉ हेमवती ठाकुर इतिहास विभागाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को महाविद्यालय से रवाना किया। शिविर स्थल पहुंचकर स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम स्थल की सफाई की तथा उद्घाटन कार्यक्रम हेतु मंच की सजावट की।

Friday, Dec 15 2023
पत्रिका

# लिमतरा में एनएसएस शिविर हुआ प्रारंभ

धमतरी. बीसीएस पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक एक एवं दो की ओर से ग्राम लिमतरा में 11 से 17 दिसंबर तक इकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, देशी खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

# स्वयंसेवकों में भरा जोश, देश के नवनिर्माण के लिए किया प्रेरित

15-12-2023

धमतरी। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार व आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा द्वारा ग्राम लिमतरा में इकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इस वर्ष शिविर का मुख्य थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक ग्राम लिमतरा में विशेष नशामुक्ति अभियान चलाएंगे। डॉ हेमवती ठाकुर इतिहास विभागाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को महाविद्यालय से रवाना किया। शिविर स्थल पहुंचकर स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम स्थल की सफाई की तथा उद्घाटन कार्यक्रम हेतु मंच की सजावट की।

दिनांक-12.12.2023

द्वितीय दिवस

द्वितीय दिवस की शुरुआत बैंड बजा कर प्रभात फेरी के साथ हुई जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत का गायन एवं नशा मुक्त समाज के लिये जनजागरुकता नारे लगाये गये। इसके पश्चात शिविर स्थल में क्रीडा प्रभारी एवं सदस्य लीना गजेन्द्र तथा हेमचरण साहू के दिशा निर्देश में सभी स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास एवं जुम्बा डांस करवाया गया। स्वल्पाहार लेने के बाद परियोजना प्रभारी योगेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में परिक्षेत्रीय साहू समाज, शासकीय प्राथमिक शाला परिसर,फुटपाथ,पंचायत परिसर,आंगन बाड़ी की साफ सफाई, मंडी के अंदर बाहर,तालाब के किनारे की सफाई एवम संपूर्ण ग्राम के नालियों की सफाई करवाई गई तथा प्रा. शाला मा. शाला में जल निकासी हेतु कच्चा नाली निर्माण करवाया गया।

शिविर में छत्तीसगढ की कला को बढ़ावा देने **"हमर छत्तीसगढ़"** प्रदर्शनी लगाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन,त्यौहार,खेल,कलाकृति एवं नृत्य को दर्शाया गया।

दोपहर के भोजन पश्चात 2 बजे से बौद्धिक परिचर्चा प्रारंभ हुआ जिसका विषय कृषि जागरूकता के अंतर्गत **मत्स्य पालन** एवम विषय विशेषज्ञ **सुश्री सीमा नेताम** रही जिन्होंने स्वयंसेवकों को मत्स्य मार्केटिंग मैनेजमेंट के तहत कैरियर, वित्तीय, प्राकृतिक एवम कैरियर संबंधित लाभ से अवगत करवाया । 4 बजे बौद्धिक परिचर्चा का समापन विषय विशेषज्ञ **सुश्री सीमा नेताम** को प्रतिक चिन्ह एवम धन्यवाद ज्ञापित करते हुये किया गया।

4 बजे समस्त स्वयंसेवक ने ग्राम संपर्क के लिये अग्रसर हुये जिसमें ग्रामवासियों से परियोजना कार्य हेतु उनके सुझाव पर चर्चा एवं नशा मुक्त समाज के लिये जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। 5 बजे शिविर प्रांगण में देशी खेलकूद कर स्वास्थ्य लाभ तथा मनोरंजन कर शाम की चाय के साथ संध्याकाल का समय समाप्त हुआ।

प्रभारी स्वयंसेवकों के द्वारा समीक्षा बैठक कर शिविर के कार्यों एवं अगले दिन की कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा अन्य स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में जुट रहे मेस प्रभारी द्वारा भोजन पकाने का कार्य किया गया तथा भोजन करवाया गया। भोजन के उपरांत 1 घण्टे का सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया गया इस प्रकार द्वितीय दिवस की समाप्ति हुई।




GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
QJ93+V66, Limtara, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.76954°
Long 81.603544°
12/12/23 06:44 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
QJC3+49C, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.770422°
Long 81.603233°
12/12/23 09:00 AM GMT +05:30




GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
QJC3+49C, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.770422°
Long 81.603233°
12/12/23 08:59 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
QJC3+49C, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.770422°
Long 81.603233°
12/12/23 08:57 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
QJC3+49C, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.770174°
Long 81.603843°
12/12/23 09:34 AM GMT +05:30




GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
Unnamed Road, Limtara, Chhattisgarh 493770, India
12/12/23 12:34 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
Unnamed Road, Limtara, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.769829°
Long 81.603611°
12/12/23 03:51 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
QJ93+V66, Limtara, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.76982°
Long 81.603673°
12/12/23 03:58 PM GMT +05:30




GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India

# रासेयो छात्रों ने ग्रामीणों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ





- ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं प्रो. निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी व प्रो. आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। द्वितीय दिवस का प्रारंभ प्रभातफेरी के साथ किया गया। बैंड बाजा के साथ ग्रामीणवासियों को एनएसएस गीत से अवगत करवाया गया। तत्पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, शिविर स्थल एवं उसके सामने की सफाई की गई। इस कार्य से लिमतरा के ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरणा मिली। बौद्धिक परिचर्चा सत्र के मुख्य अतिथि सीमा नेताम सहायक मत्स्य अधिकारी मछली पालन विभाग थी। उन्होंने मत्स्य मार्केटिंग मैनेजमेंट की जानकारी दी साथ ही मत्स्य पालन में आने वाली लागत, आमदनी तथा उसके लाभ बताए। उन्होंने शासन द्वारा संचालित मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया। स्वयं सेविका खुशबू साहू ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन स्वयंसेवक केशिओम तेलासी दलनायक ने किया। शिविर के संचालन में शिविर नायक रुपेश देवांगन, शिविर नायिका अपर्णा शर्मा, उपशिविर नायक कुशल प्रसाद, टीमेश साहू, संकेत कुमार साहू, मोनिका साहू, अनीता मेश्राम, खुशी साहू, योगेंद्र साहू, रश्मि यदु का सहयोग रहा।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 13 Dec 2023 - 13dmt3
epaper.navabharat.news

गाईडनेंस

### शिविर के दूसरे दिन सहायक मत्स्य अधिकारी पहुंची लिमतरा, मछली पालन को बताया आमदनी का जरिया

# रासेयो शिविर में मत्स्य मार्केटिंग मैनेजमेंट की दी गई जानकारी

**नवभारत ब्यूरो । धमतरी।**



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया है। जिसके दूसरे दिन सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। तत्पश्चात परियोजना कार्य में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी ग्राम पंचायत भवन, शिविर स्थल एवं उसके सामने की सफाई की गई। इस कार्य से ग्राम पंचायत लिमतरा के ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरणा मिली। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य विषय मत्स्य पालन संबंधी जानकारियां प्रदान करना था। उक्त सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सीमा नेताम सहायक मत्स्य अधिकारी मछली पालन विभाग जिला धमतरी का आगमन हुआ। उन्होंने मत्स्य मार्केटिंग मैनेजमेंट की जानकारी दी साथ ही मत्स्य पालन में होने वाली लागत आमदनी तथा उसके लाभ बताएं। उन्होंने शासन द्वारा संचालित मत्स्य विभाग के योजनाओं के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया। स्वयंसेवकों के द्वारा मत्स्य विभाग से संबंधित गए प्रश्न जैसे मत्स्य के लिये भूमि चयन, शुरुआती लागत, फिश राइस खेती, मछली का उपयोग का कैसे किया जाता है का जवाब उनके द्वारा दिया गया। साथ ही उनके द्वारा मत्स्य से होने वाले लाभ व इसे बनने वाली दवाईयों के बारे में बताया गया। इस प्रकार स्वयंसेवकों को कृषि क्षेत्र में मत्स्य कृषि की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। तत्पश्चात मुख्य वक्ता सीमा नेताम को इकाई शिविर द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में दल क्रमांक 4 की स्वयं सेविका खुशबू साहू द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। स्वयंसेवक केशिओम तेलासी दलनायक द्वारा मंच संचालन किया गया। बौद्धिक परिचर्चा के पश्चात स्वयंसेवक को ग्राम संपर्क के लिये भेजा गया जिसका विषय साक्षरता, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति संबंधित समाज रहा। शिविर के संचालन में शिविर नायक रुपेश देवांगन शिविर नायिका अपर्णा शर्मा शिविर नायक, उप शिविर नायक कुशल प्रसाद शिविर नायक उप शिविर नायिका टीमेश साहू, मेष प्रभारी संकेत कुमार साहू सदस्य मोनिका साहू सांस्कृतिक प्रभारी अनीता मेश्राम सदस्य खुशी साहू, परियोजना प्रभारी योगेंद्र साहू सदस्य राहुल कुमार, चिकित्सा प्रभारी विवेक साहू सदस्य भेनू सिन्हा, क्रीड़ा प्रभारी लीना गर्जेंद्र सदस्य हेमचरण साहू, मीडिया पर मीडिया प्रभारी तरुण सोनकर सदस्य रश्मि यदु, एवं स्वयंसेवक विभा, केसर, योगिता, खुशबू, लिखेंद्र, रामानंद, मीरा का सहयोग रहा।

दिनांक-13.12.2023

तृतीय दिवस

द्वितीय दिवस की भांति तृतीय दिवस का आरंभ हुआ। प्रभात फेरी में ग्रामवासियों को स्वस्थ्य शिविर की सूचना प्रदान कर अधिक संख्या में लाभ लेने हेतु मुनियादी की गई।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

ग्रामवासियों के स्वास्थ्य हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 8:30 से 2:00 तक किया गया जिससे ग्रामवासियों लाभान्वित हुये।जिला अस्पताल धमतरी से मुख्य चिकित्सा प्रभारी श्रमती पारुल पाण्डेय,श्री भुवनेश्वर साहू, श्रीमती भारती साहू फार्मासिस्ट,श्रीमती पुष्पांजलि साहू नर्स एवम श्री मूलचंद साहू लैब टेक्नीशियन ने सेवायें दी।

नारा लेखन प्रतियोगिता

नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर का नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

बौद्धिक परिचर्चा समय 2 से 4

प्रथम विषय विशेषज्ञ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से **श्री नरेंद्र साहू** रहे जिनका विषय संवैधानिक मूल्य और युवा रहा जिसके अंतर्गत मौलिक अधिकार एवम कर्तव्य पर स्वयंसेवकों के साथ परिचर्चा एवम प्रश्नोत्तरी सत्र किया गया।

द्वितीय विषय विशेषज्ञ **सुश्री नेहा पवार** रही जिनका विषय साइबर क्राइम जागरूकता रहा जिसके अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल के हैक होने से बचाव, मोबाइल ट्रेसिंग,सोशल मीडिया में प्राइवेसी रखने का सुझाव,संचार माध्यम का सही प्रयोग करना बताया तथा स्वयंसेवकों को कैरियर से संबंधित प्रश्नों का जवाब पवार मैडम के द्वारा दिये गये। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर बौद्धिक परिचर्चा का समापन हुआ।

तृतीय दिवस की समाप्ति द्वितीय दिवस की भांति रही।




GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India


GPS Map Camera
Demar, Chhattisgarh, India
QHCM+W8W, Demar, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.772512°
Long 81.582986°
13/12/23 08:37 AM GMT +05:30






GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India


GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India

हरिभूमि
रायपुर - धमतरी भूमि
14 Dec 2023

## पीजी कालेज की रासेयो इकाई ने लिमतरा में लगाया शिविर

# रासेयो के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ





■ उप पुलिस अधीक्षक ने दी साइबर क्राइम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नाकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार व आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में विशेष शिविर ग्राम लिमतरा में लगाया गया है। तृतीय दिवस स्वयंसेवकों ने सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली। ग्रामवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने शिविर का लाभ लिया। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा प्रभारी पारुल पांडे, भुवनेश्वर साहू, मुकेश, भारती साहू फार्मासिस्ट, पुष्पांजलि साहू नर्स, मूलचंद साहू लैब टेक्नीशियन ने सेवायें दीं। परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने ग्राम के सभी मैदान की सफाई की।

बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन नरेंद्र साहू थे। श्री साहू ने संविधान के अंतर्गत प्रश्न पूछे जिसका जवाब स्वयंसेवकों द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि संविधान में स्वतंत्रता, धर्म, जाति, वर्ग, लिंग सभी को सामानता का अधिकार है। बौद्धिक परिचर्चा के द्वितीय सत्र में नेहा पवार ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल हैक कैसे होता है। हैक हुए मोबाइल का लोकेशन ट्रैस कैसे होता है। सुश्री पवार ने स्वयंसेवकों के प्रश्नों के जवाब भी दिए।

14/12/2023

## पीजी कालेज की रासेयो इकाई ने लिमतरा में लगाया शिविर

# रासेयो के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ





**उप पुलिस अधीक्षक ने दी साइबर क्राइम की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नाकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार व आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में विशेष शिविर ग्राम लिमतरा में लगाया गया है। तृतीय दिवस स्वयंसेवकों ने सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली। ग्रामवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने शिविर का लाभ लिया। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा प्रभारी पारुल पांडे, भुवनेश्वर साहू, मुकेश, भारती साहू फार्मासिस्ट, पुष्पांजलि साहू नर्स, मूलचंद साहू लैब टेक्नीशियन ने सेवायें दीं। परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने ग्राम के सभी मैदान की सफाई की।

बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन नरेंद्र साहू थे। श्री साहू ने संविधान के अंतर्गत प्रश्न पूछे जिसका जवाब स्वयंसेवकों द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि संविधान में स्वतंत्रता, धर्म, जाति, वर्ग, लिंग सभी को सामानता का अधिकार है। बौद्धिक परिचर्चा के द्वितीय सत्र में नेहा पवार ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल हैक कैसे होता है। हैक हुए मोबाइल का लोकेशन ट्रैस कैसे होता है। सुश्री पवार ने स्वयंसेवको के प्रश्नों के जवाब भी दिए।

चतुर्थ दिवस

दिनांक-14.12.2023

प्रतिदिवस की भांति चतुर्थ दिवस प्रारंभ हुआ।

बौद्धिक परिचर्चा-

राष्ट्रीय सेवा योजना विषय के विषय विशेषज्ञ **नितिन शर्मा** जिला युवा अधिकारी, श्री भूपेंद्रदास मानिकपुरी एवम श्री वेदप्रकाश सिन्हा नेहरू युवा केन्द्र से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता श्री शर्मा सर ने नशा मुक्त समाज विषय पर अपने विचार स्वयंसेवकों के समक्ष रखी नशे के दुष्प्रभाव से जनमानस को अवगत करवाना बेहद जरूरी है समाज के पतन का कारण नशा है।

**डॉ सपना ताम्रकार** (प्रोफेसर) द्वारा लीगल एण्ड क्लिनिक एक्ट तथा **प्रो कोमल प्रसाद यादव** एवं **प्रो पंकज जैन** के द्वारा विधि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा विधिक निःशुल्क सहायता लीगल एण्ड क्लीनिक से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर बौद्धिक परिचर्चा का समापन हुआ।

ग्राम संपर्क के समय दर्शनीय स्थल कबीर आश्रम का भ्रमण किया गया।

प्रतिदिवस की भांति चतुर्थ दिवस का समापन हुआ।


GPS Map Camera
Lat 20.769538°
Long 81.603401°
14/12/23 06:44 AM GMT +05:30






GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
QHCM+CV6, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.771071°
Long 81.584829°
14/12/23 09:00 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
QHCM+CV6, Parewadih, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.771071°
Long 81.584829°
14/12/23 09:08 AM GMT +05:30




GPS Map Camera
Lat 20.769788°
Long 81.603635°
14/12/23 02:27 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Lat 20.770768°
Long 81.604558°
14/12/23 04:25 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
QJF3+7RV, Limtara, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.769702°
Long 81.603549°
14/12/23 05:34 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
QJF3+7RV, Limtara, Chhattisgarh 493770, India
Lat 20.769702°
Long 81.603549°
14/12/23 05:33 PM GMT +05:30

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 15 Dec 2023 - 15dmt4
epaper.navabharat.news



## परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवको ने की साफ-सफाई, बौद्धिक शिविर में कानून की दी गई जानकारी

# नशामुक्त समाज बनाने के लिए जागरुकता अभियान जरुरी

**नवभारत ब्यूरो । धमतरी।**



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन, प्रोफेसर निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी व प्रोफेसर आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में लगाए गए ग्राम लिमतरा में विशेष शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत संस्कृततिक कला मंच एवं तालाब परिसर की साफ सफाई किया गया आबादी पारा में सड़क के किनारे गड्ढों को भरा गया एवं सड़क की सफाई की गई। रामसागर पारा में गली के नालियों को साफ कर एवं तालाबों में कांटों को निकाल कर सफाई किया गया। इमली पारा चौक से लेकर रामसागर पारा तक झाड़ू लगाया गया एवं तालाब के किनारे वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही शासकीय कृषि धान मंडी के सामने सफाई का कार्य किया गया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में अतिथि के रूप में नितिन कुमार शर्मा जिला युवा अधिकारी सदस्य भूपेंद्र दास मानिकपुरी एवम वेदप्रकाश सिन्हा नहेरू युवा केंद्र उपस्थित रहे। दल नायिका भूमिका ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि नशामुक्त समाज के लिए लोगो को जागरुक किया जाना बेहद जरुरी है। लोगो को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया जाना चाहिए। रासेयो के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी पीसी चौधरी, श्री कोसिमा, कृष्ण कुमार देवांगन, लीगल एड क्लिनिक विधिक जानकारी के लिए विधि विभाग से विधिक प्रभारी डॉ. सपना ताम्रकार सहायक प्रोफेसर पंकज जैन, प्रोफेसर कोमल प्रसाद के द्वारा विधि से संबंधित जानकारी दिया गया एवम विधिक निशुल्क सहायत लीगल एड क्लीनिक से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। शिविर के सफल संचालन में शिविर नायक रुपेश देवांगन शिविर नायिका अपर्णा शर्मा, उप शिविर नायक कुशल प्रसाद उप शिविर नायिका टीमेश साहू, मेष प्रभारी संकेत कुमार साहू सदस्य मोनिका साहू , चिकित्सा प्रभारी विवेक साहू सदस्य भेनू सिन्हा परियोजना प्रभारी योगेंद्र साहू सदस्य राहुल साहू , मीडिया प्रभारी तरुण सोनकर सदस्य रश्मि यादव , सास्कृतिक प्रभारी अनिता मेश्राम सदस्य खुशी साहू , क्रीड़ा प्रभारी लीना गर्जेंद्र सदस्य हेमचरण साहू एवं स्वयंसेवक डिलेप्रकाश, ओम मरकाम , योगेंद्र निर्मलकर, गोपेश्वर साहू, संदीप यादव का योगदान है।

पत्रिका

# कॉलेज छात्रों ने लगाया लिमतरा में रासेयो शिविर



धमतरी @ पत्रिका. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कालेज के प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। चौथे परियोजना कार्य में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत संस्कृततिक कलामंच एवं तालाब परिसर की साफ - सफाई की। आबादी पारा में सड़क की किनारे गड्ढो को भराया गया। सड़क की सफाई की गई। रामसागर पारा में गली के नालियों को साफ कर एवं तालाबों में कांटों को निकाल कर सफाई किया गया। इमली पारा चौक से लेकर रामसागर पारा तक झाड़ू लगाया गया।

बौद्धिक परिचर्चा सत्र में जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा, सदस्य भूपेंद्र दास मानिकपुरी, वेदप्रकाश सिन्हा ने कहा कि नशा मुक्ति समाज के लिए हमें अपना कार्य घर-घर जाकर लोगो द्वारा संपर्क बनाकर जागरूक करना है। नशा से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया।

16/12/2023 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर
धमतरी 15-12-2023

# लिमतरा में बीसीएस पीजी कॉलेज शिविर के चौथे दिन चलाया गया सफाई अभियान



धमतरी| लिमतरा में शिविर के चौथे दिन सफाई करते हुए पीजी कॉलेज के स्वयंसेवक।

भास्कर न्यूज| धमतरी

बीसीएस पीजी कॉलेज द्वारा ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। चौथे दिन परियोजना कार्य के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सांस्कृतिक कला मंच की साफ-सफाई की गई, आबादी पारा में सड़क की किनारे गड्ढों को भरा गया। सड़क की सफाई, रामसागर पारा में गली के नालियों को साफ कर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। इसके बाद तालाब व इसके आसपास सफाई अभियान चला।

सरकारी धान खरीदी केंद्र के सामने भी सफाई की गई। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य अतिथि नितिन कुमार शर्मा जिला युवा अधिकारी, सदस्य भूपेंद्र दास मानिकपुरी, वेदप्रकाश सिन्हा नेहरू युवा केंद्र थे। नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हमें लोगों को जागरूक करते रहना है। नारे, पोस्टर लेखन, कविता, नाटक, रंगोली आदि के माध्यम से नशा से होने वाले दुष्परिणाम बताए जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी पीसी चौधरी, कोसिमा, कृष्ण कुमार देवांगन, डॉ. सपना ताम्रकार, प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद, रूपेश देवांगन, अपर्णा शर्मा, कुशल प्रसाद, टीमेश साहू, संकेत कुमार साहू, मोनिका साहू, विवेक साहू, भेनू सिन्हा, योगेंद्र साहू, राहुल साहू, तरुण सोनकर आदि उपस्थित थे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 17 Dec 2023 - 17dmt4
epaper.navabharat.news

# कॉलेज के एनएनएस शिविर में हुआ विधिक साक्षरता शिविर



धमतरी। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी की प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे के निर्देशन लीगल एड क्लीनिक की प्रभारी कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में लिमतरा में आयोजित एनएसएस शिविर में लीगल एड क्लीनिक से स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को अवगत कराया गया। डॉ.सपना ताम्रकार ने बताया कि पैरा लीगल क्लीनिक का आशय ऐसे स्थल से है जहां पीड़ित व्यक्तियों को अविलंब निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करायी जाती है। यद्यपि विधिक सहायता के लिये अब जगह-जगह विधिक कार्यालय स्थापित होने लगे हे। जिस तरह एक डॉक्टर क्लीनिक पर मरीज का ईलाज करता है उसी प्रकार इन पैरा लीगल क्लीनिकों का संचालन सरकारी तथा स्वैच्छिक संगठनों के व्दारा किया जाता हैं। पंकज जैन ने कहा कि कानून की जानकारी सबको होना चाहिए। लीगल एड कलीनिक के बारे में बताया कि प्रत्येक बुधवार को महाविद्यालय में जिला विधिक प्राधीकरण व्दारा नियुक्त अधिवक्ता बैठते है जिनसे निःशुल्क विधिक सलाह लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ राज्यों में अधिवक्ता अपने वाहन से गांव-गांव जाकर विधिक सहायता को जनसामान्य तक पहुँचाने का कार्य कर रहें है। दुर्गेश प्रसाद, गायत्री लहरे ने भी जानकारी प्रदान की। कोमल प्रसाद यादव ने कहा कि 21 वीं सदी में कानून की जानकारी होना जरूरी है। जब विद्यार्थी विधिक सहायता के कार्य से जुड़ेगें तो उन्हें देश, प्रदेश, समाज व परिवार की विधिक सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों की जानकारी होगी। उक्त कार्यक्रम में पीसी चौधरी, केपी कोसिमा, ग्रेस कुजुर, कृष्ण कुमार देवांगन, निरंजन कुमार, आकांक्षा मरकाम उपस्थित रहें।

दिनांक 15.12.2023

पंचम दिवस

बौद्धिक परिचर्चा

कैरियर गाइडेंस विषय पर विषय विशेषज्ञ उप जिलाधीश **श्री तेजपाल ध्रुव**, बाल विकास परियोजना अधिकारी **श्री सोमेंद्र साहू** एवम परियोजना अधिकारी **श्री सुमित ध्रुव** रहे। श्री तेजपाल ध्रुव ने अपने छात्र जीवन के अनुभव स्वयंसेवकों के समक्ष साझा करते हुये,कौशल विकास से संबंधित प्रश्न स्वयंसेवकों से पूछे असफलता तथा उन्होंने कहा असफलता कभी स्थायी नही होती यह अनुभव देती है जो हमें सफलता प्राप्ति में सहयोग करता है। श्री सोमेंद्र साहू ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करे बतलाया। श्री सुमित ध्रुव ने उद्देश्य बना कर कार्य करना उसके प्रति समर्पण भाव से तत्पर रहने से लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर बौद्धिक परिचर्चा का समापन हुआ।

संध्याकालीन 6 बजे शिविर स्थल से मशाल रैली निकाली गई जिसका उद्देश्य नशा मुक्त समाज एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता रहा। बाजार चौक एवम शीतलापारा स्थित कलामंच पर नुक्कड़ नाटक कर नशापान से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया।


GPS Map Camera


GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
01, Limtara, Parewadih, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.771764°
Long 81.604184°
15/12/23 07:21 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google








GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, India
Google







दैनिक भास्कर

धमतरी 16-12-2023

# स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान कॅरियर गाइडेंस पर हुई बौद्धिक परिचर्चा

## विशेष एनएसएस शिविर लिमतरा में आयोजित, विविध गतिविधियां हो रही संचालित

भास्कर न्यूज | धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन लिमतरा में किया। यह शिविर 11 दिसंबर से शुरू हुआ है। रोजाना स्वयंसेवक विविध गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। शुक्रवार को शिविर के 5वें दिन परियोजना कार्य में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। सांस्कृतिक कला मंच, रामकोठी पारा, प्राथमिक स्कूल, यादव पारा, कृषि साख सहकारी समिति, सहारा चौक, रामसागर पारा, इमली पारा के नालियों की सफाई की गई।

बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव, बाल विकास अधिकारी सोमेन्द्र साहू, परियोजना अधिकारी सुमित ध्रुव थे। तेजपाल ध्रुव ने एनएसएस के स्वयं सेवकों को कौशल विकास के तहत प्रश्न पूछने का अवसर दिया। स्वयं सेवकों द्वारा भविष्य निर्माण से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में यदि कोई असफल होता है, तो इसका मतलब यह नहीं कि वह हार गया, इससे अनुभव मिलता है। सोमेंद्र साहू ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करें। विषय को समझने की कला के बारे में बताया। सुमित ध्रुव ने उद्देश्य के प्रति तत्पर रहते हुए लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार, प्रोफेसर आकांक्षा मरकाम के साथ अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।



धमतरी। लिमतरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 16 Dec 2023 - dmt4
epaper.navabharat.news

# असफलता से हार नहीं बल्कि अनुभव मिलता है-तेजपाल




**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन, प्रोफेसर निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी व प्रोफेसर आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में लिमतरा में आयोजित रासेयो शिविर में परियोजना कार्य में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत सांस्कृतिक कला मंच, राम कोठी पारा, प्राथमिक स्कूल, यादव पारा, कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सहारा चौक राम सागर पारा इमली पारा के नालियों की सफाई की गयी एवं ग्रामीण क्षेत्र की गलियों मे झाड़ू लगाई गई। इस कार्य से लिमतरा के ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति प्रेरणा मिली और ग्रामीणजन भी स्वचछता कार्य में सहयोग किये। बौद्धिक परिचर्चा में अतिथि उप जिलाधीश तेजपाल ध्रुव, बाल विकास अधिकारी सोमेन्द्र साहू एवं परियोजना अधिकारी सुमित ध्रुव रहें। अति थियों ने कहा कि परीक्षा में अगर कोई असफल है तो इसका मतलब यह नहीं कि वह हार गया उससे अनुभव मिलता है। सोमेन्द्र साहू ने अनुभवों का साझा किया और अपने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे की जाये एवं विषय को समझने की कला से अवगत करवाया। सुमित ध्रुव ने उद्देश्य प्रति तत्पर रहते हुये लक्ष्य के लिये अग्रसर होकर जागरूक रहने को कहा। शिविर के सफल संचालन में शिविर नायक रुपेश देवांगन शिविर नायिका अपर्णा शर्मा, उप शिविर नायक कुशल प्रसाद उप शिविर नायिका टीमेश साहू, मेष प्रभारी संकेत कुमार साहू सदस्य मोनिका साहू, चिकित्सा प्रभारी विवेक साहू सदस्य भेनू सिन्हा परियोजना प्रभारी योगेंद्र साहू सदस्य राहुल साहू, मीडिया प्रभारी तरुण सोनकर सदस्य रश्मि यादव, सांस्कृतिक प्रभारी अनिता मेश्राम सदस्य खुशी साहू, क्रीड़ा प्रभारी लीना गजेंद्र सदस्य हेमचरण साहू एवं स्वयंसेवक डिलेप्रकाश, ओम मरकाम, योगेंद्र निर्मलकर, गोपेश्वर साहू, संदीप यादव चिन्मय अक्षय सागर सोनबेर गोपेश्वर लक्ष्मण ज्ञानेश्वर लीमेश्वर रामानंद का योगदान है।

पत्रिका

न्यूज विंडो

**शिविर : गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया**

# नशा मुक्त समाज के लिए स्वयंसेवकों ने निकाली रैली



धमतरी @ पत्रिका. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन लगाए गए ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन परियोजना कार्य में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने मशाल रैली निकाली। नशा मुक्तिसमाज के लिए जागरूकता और स्वच्छता अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक कर नशा से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया। शिविर के सफल संचालन में शिविर नायक रुपेश देवांग, शिविर नायिका अपर्णा शर्मा, उप शिविर नायक कुशल प्रसाद, उप शिविर नायिका टीमेश साहू, मेप प्रभारी संकेत कुमार साहू, सदस्य मोनिका साहू, चिकित्सा प्रभारी विवेक साहू, सदस्य भेनू सिन्हा, परियोजना प्रभारी योगेंद्र साहू, सदस्य राहुल साहू, मीडिया प्रभारी तरुण सोनकर, रश्मि यादव, सांस्कृतिक प्रभारी अनिता मेश्राम, खुशी साहू, क्रीड़ा प्रभारी लीना गजेंद्र, हेमचरण साहू, स्वयंसेवक डिले प्रकाश, विभा पाण्डे आदि मौजूद रहे।

22/12/2023 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

दिनांक-16.12.2023

षष्ठम दिवस

नियमित दिनचर्यानुसार प्रभात फेरी निकाली गई साथ ही ग्रामवासियों को संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी देते हुये आमंत्रित किया गया।

नशा मुक्त समाज विषय पर **रंगोली** बनाया गया।

संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

संध्याकाल 5 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके शुभ अवसर पर श्री पीताम्बर सिन्हा कार्यक्रम अधिकारी कण्डेल महाविद्यालय, श्रीमती फगेश्वरी रूपसेन साहू सरपंच,श्री घनश्याम साहू राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक,श्री कार्तिक राम साहू ग्रामीण अध्यक्ष,श्री परसराम साहू उपसरपंच, प्रो श्री अमित साहू,प्रो श्री किशोर चेलक, एनसीसी केयर टेकर श्री दिनेश्वर सलाम,श्रीमती निशा तिवारी एवं सुश्री अंकिता पटेल सहित समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में संविधान,नशा मुक्त समाज एवं स्वच्छता विषय पर शिक्षाप्रद प्रहसन किये गये। छत्तीसगढी,संबलपुरी एवं पंजाबी लोक नृत्य की प्रस्तुती के साथ विविध कार्यक्रम हुये।


GPS Map Camera
Parewadih, Chhattisgarh, India
Google




GPS Map Camera
Limtara, Chhattisgarh, भारत
Google


GPS Map Camera
Google


GPS Map Camera
Google




NSS


राष्ट्रीय सेवा योजना









दिनांक-17.12.2023

सप्तम दिवस

नियमित दिनचर्यानुसार प्रभात फेरी निकाली गई एवं परियोजना कार्य किया गया।

परियोजना कार्य में परिक्षेत्रीय साहू समाज, शासकीय प्राथमिक शाला परिसर,फुटपाथ,पंचायत परिसर,आंगन बाड़ी की साफ सफाई, मंडी के अंदर बाहर,तालाब के किनारे की सफाई एवम संपूर्ण ग्राम के नालियों की सफाई करवाई गई तथा प्रा. शाला मा. शाला में जल निकासी हेतु कच्चा नाली निर्माण करवाया गया परियोजना कार्य में साफ किये गये कचरों को ट्रेक्टर में भरने का कार्य किया।

11 बजे समापन समारोह प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि **डॉ श्रीदेवी चौबे** प्राचार्य बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, डॉ मनदीप खालसा,श्रीमती फगेश्वरी रूपसेन साहू सरपंच, श्री परसराम साहू उपसरपंच, श्रीमती इन्द्राणी साहू पूर्व सरपंच,श्रीमती उत्तरा सेन पंच,श्रीमती रेखा सेन सहित ग्राम के गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

डॉ श्रीदेवी चौबे के द्वारा स्वयंसेवकों के सात दिवसीय कार्यों की सराहना की गई। डॉ मनदीप खालसा ने निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिये प्रोत्साहित किया।श्रीमती फगेश्वरी रूपसेन साहू ने ग्राम में किये गये कार्यों के लिये धन्यवाद प्रेषित किया।

समस्त अतिथियों ने स्वयंसेवकों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओ तथा आशीर्वाद प्रदान किये साथ ही समस्त स्वयंसेवकों को शिविर प्रशस्ति पत्र एवं शिविर में जिन स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किये उनको मेडल भेंट किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

प्रो आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकार इकाई क्रमांक दो द्वारा सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवम प्रो निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक एक ने आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

इस प्रकार सफलतापूर्वक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम लिमतरा में समाप्त हुआ।

धन्यवाद




GPS Map Camera
Lat 20.769873°
Long 81.603467°
17/12/23 12:40 PM GMT +05:30
Google















नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 19 Dec 2023 - dmt3
epaper.navabharat.news

# लिमतरा में आयोजित कॉलेज के रासेयो शिविर का हुआ समापन



धमतरी। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन, प्रो निरंजन कुमार व प्रो आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में लगाए गए ग्राम लिमतरा में विशेष शिविर का समापन हुआ। अध्यक्षता फगेश्वरी रूपसेन साहू ने की। प्रो. आकांक्षा मरकाम ने विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ श्रीदेवी चौबे के द्वारा स्वयंसेवकों के कठिन कार्य की सराहना की गई। डॉ मनदीप खालसा ने स्वयंसेवक को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिये प्रोत्साहित किया। फगेश्वरी रूपसेन साहू ने स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में किये कार्यों के लिये धन्यवाद दिया। तत्पश्चात शिविर के संचालन हेतु दिये गये पदों के लिये स्वयंसेवकों को मेडल एवं प्रमाण पत्र दिये गये तथा शिविर में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के संबंधित स्वयंसेवक का सम्मान किया गया। शिविर में शिविर नायक रुपेश देवांगन, शिविर नायिका अपर्णा शर्मा, उप शिविर नायक कुशल प्रसाद उप शिविर नायिका टीमेश साहू, मेप प्रभारी संकेत कुमार साहू सदस्य मोनिका साहू, चिकित्सा प्रभारी विवेक साहू सदस्य भेनू सिन्हा परियोजना प्रभारी योगेंद्र साहू सदस्य राहुल साहू, मीडिया प्रभारी तरुण सोनकर सदस्य रश्मि यादव, सांस्कृतिक प्रभारी अनिता मेश्राम, सदस्य खुशी साहू, क्रीड़ा प्रभारी लीना गजेंद्र, सदस्य हेमचरण साहू आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र साहू एवं आभार प्रो निरंजन कुमार ने किया।

दैनिक भास्कर धमतरी 19-12-2023

# एनएसएस शिविर में उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वयंसेवकों को किया सम्मानित



धमतरी। शिविर के समापन समारोह में शामिल अतिथि व स्वयंसेवक।

धमतरी| बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम लिमतरा में किया गया था। इस शिविर का समापन सोमवार को हुआ।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे थीं। अध्यक्षता फगेश्वरी रूपसेन साहू ने की। डॉ. श्रीदेवी चौबे ने लिमतरा में चलाए अभियानों और स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। इस दौरान शिविर में किए गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वयंसेवकों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आकांक्षा मरकाम, प्रो. निरंजन कुमार, योगेंद्र साहू, रूपेश देवांगन, अपर्णा शर्मा, कुशल प्रसाद, टीमेश साहू, संकेत कुमार साहू, मोनिका साहू, विवेक साहू, भेनू सिन्हा, योगेंद्र साहू व राहुल साहू के साथ अन्य मौजूद रहे।